# आयुक्त कार्यालय, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा

## —: आदेश :—

मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3/सी0एस0/ एम0–27/2018–83 दिनांक–09.01.2026 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा संसूचित है कि बिहार सरकार के सात निश्चय–3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान–जीवन आसान' (Ease of Living) का मुख्य मकसद राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाईयों को कम कर उनके जीवन को और आसान बनाना है। इस क्रम में प्राप्त दिशा–निर्देश के आलोक में आमजनों से मिलने का कार्यक्रम दिनांक–19.01.2026 से निर्धारित है।

उक्त के आलोक में दिनांक–19.01.2026 से प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमजनों से मिलने हेतु 10:30 बजे पूर्वाह्ने से 05:00 बजे अपराह्न तक का समय निंधारित किया जाता है। इस क्रम में प्रमंडलीय नाजिर को निदेशित किया जाता है सोमवार एवं शुक्रवार को आने वाले आगंतुकों को आयुक्त कार्यालय के सभागार में सम्मानपूर्वक बैठाने, जरूरी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय एवं चाय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम के सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु श्री सुशील कुमार मिश्र, आयुक्त के सचिव, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा को नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है। किसी अपरिहार्य कारण से अधोहस्ताक्षरी की अनुपस्थिति में आमजनों से मुलाकात करने हेतु श्री सुशील कुमार मिश्र, आयुक्त के सचिव, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा को प्राधिकृत किया जाता है एवं श्री मिश्र किसी अपरिहार्य कारणवश अनुपस्थित रहते हैं तो श्री आकाश ऐश्वर्य, क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी–सह–क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा को प्राधिकृत किया जाता है।

15.1.26

आयुक्त,
दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

ज्ञापांकः– 02 /का0गो0, दिनांक– 15.01.2026

प्रतिलिपि–
1. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, दरभंगा को प्रेस नोट प्रकाशित करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. सभी पदाधिकारी/कर्मी, आयुक्त कार्यालय, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा को सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्री विजय कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3/सी0एस0/एम0–27/2018–83 दिनांक–09.01.2026 में प्राप्त निदेशों का अक्षरशः अनुपालन एवं प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के क्रम में सम्यक् एवं ससमय अनश्रवण सुनिश्चित करेंगे।
4. प्रमंडलीय नाजिर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
5. श्री रौशन कुमार झा, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं निदेशित किया जाता है उक्त पत्र आयुक्त कार्यालय, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

15.1.26

आयुक्त,
दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।